### 11. राज्य के नीति निदेशक तत्व

1. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में वर्णित समान नागरिक संहिता गारंटी देता है –
   (a) गरीब वर्गों के समर्थन की
   (b) राष्ट्रीय सुरक्षा की
   (c) आर्थिक स्वतंत्रता की
   **(d) राष्ट्रीय अखण्डता की**
2. निम्न में से कौनसा वास्तव में राज्य द्वारा सामाजिक लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अनिवार्य है?
   (a) प्रस्तावना
   (b) शक्तियों का विभाजन
   (c) मूल अधिकार
   **(d) राज्य नीति के निदेशक तत्व**
3. निम्न में से कौन संविधान के राज्य नीति के निदेशक तत्वों में नहीं कहा गया है?
   **(a) अल्पसंख्यकों द्वारा धार्मिक संस्थाओं की स्थापना।**
   (b) ग्राम पंचायत का संगठन।
   (c) नागरिकों के लिए समान सिविल संहिता।
   (d) न्यायपालिका का कार्यपालिका से पृथक्करण।
4. हालांकि, राज्य नीति के निदेशक तत्वों को किसी न्यायालय द्वारा बलपूर्वक लागू नहीं कराया जा सकता लेकिन फिर भी वे महत्वपूण है, क्योंकि –
   (a) मूल अधिकारों से उच्चतर हैं।
   **(b) देश के प्रशासन के आधार हैं।**
   (c) राज्य पर बाध्यकारी हैं।
   (d) भारत के राष्ट्रपति द्वारा लागू किए जाते हैं।
5. राज्य नीति के निदेशक तत्वों में निम्न में से कौनसे शामिल हैं?
   1. नागरिकों के लिए समान सिविल संहिता।
   2. न्यायपालिका का कार्यपालिका से पृथक्करण।
   3. राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों का संरक्षण।
   
   नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए –
   **(a) 1, 2 एवं 3**
   (b) 1 एवं 2
   (c) 2 एवं 3
   (d) 1 एवं 3
6. किस संविधान संशोधन के द्वारा नीति निदेशक सिद्धान्तों को मौलिक अधिकारों के ऊपर वरीयता दी गई?
   **(a) 42वां**
   (b) 36वां
   (c) 25वां
   (d) 24वां
7. भारत में कौन एकमात्र राज्य है, जहाँ 'सामान्य (कॉमन) सिविल कोड' लागू है?
   **(a) गोवा**
   (b) नगालैंड
   (c) मिजोरम
   (d) जम्मू एवं कश्मीर
8. किसी नीति निर्देशक सिद्धान्त को प्राय: समाजवादी माना जाता है?
   (a) गोवध पर प्रतिबंध
   (b) अन्तराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को प्रोत्साहन
   (c) आय की असमानताओं को कम से कम करना
   **(d) ग्राम पंचायतों की स्थापना**
9. भारत शासन अधिनियम, 1935 में वर्णित 'आदेशों के उपकरण' (अनुदेश पत्र) भारत के संविधान में वर्ष 1950 में किस रूप में शामिल किए गए?
   (a) आपातकालीन प्रावधान
   (b) मूल अधिकार
   **(c) राज्य नीति के निदेशक तत्व**
   (d) मूल कर्त्तव्य
10. कथन (A) : यदि कोई व्यक्ति, राज्य नीति के किसी निदेशक तत्व के उल्लंघन से प्रभावित होता है, तो वह न्यायालय नहीं जा सकता।
    कथन (R) : राज्य की नीति के निदेशक तत्व गैर-न्यायोचित हैं।
    कूट –
    **(a) A तथा R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।**
    (b) A तथा R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
    (c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।
    (d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।
11. भारत के कल्याणकारी राज्य होने का विचार पाया जाता है?
    (a) मौलिक अधिकारों में
    (b) नीति निर्देशक तत्वों में
    (c) संविधान की प्रस्तावना में
    **(d) b और c दोनों में**
12. नीति निदेशक सिद्धान्तों में सम्मिलित नहीं है –
    (a) काम का अधिकार
    **(b) सूचना अधिकार**
    (c) मद्य निषेध
    (d) समान कार्य हेतु समान वेतन
13. नीति निदेशक तत्वों में चर्चा नहीं की गई है –
    (a) शिक्षा की
    (b) गरीबों को नि:शुल्क विधिक सहायता की
    (c) प्राथमिक शिक्षा की
    **(d) प्रौढ़ शिक्षा की**

14. निम्नलिखित में कौन नीति निदेशक तत्व नहीं है?
(a) कर्मकारों को निर्वाह मजदूरी
(b) गौ संरक्षण
(c) पर्यावरण संरक्षण
**(d) 14 वर्ष की आयु तक वाले बच्चों को निःशुल्क शिक्षा**

15. निम्न में से कौन एक राज्य के नीति निदेशक तत्वों में नहीं है?
(a) काम हेतु न्यायसंगत मानवोचित दशाओं में रहे
(b) पुरूष और महिलाओं को समान कार्य हेतु समान वेतन
(c) जीविकोपार्जन हेतु पर्याप्त साधनों का समान अधिकार
**(d) अस्पृश्यता उन्मूलन**

16. निम्नलिखित में से कौनसा/से राज्य के नीति निदेशक तत्वों में शामिल है/हैं?
1. मानव के दुर्व्यापार और बलात श्रम का प्रतिषेध।
2. मादक पेयों और स्वास्थ्य के लिए हानिकार औषधियों के औषधीय प्रयोजनों से भिन्न, उपयोग का प्रतिषेध।
उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से कथन सही है/हैं?
(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) केवल 1
**(d) केवल 2**

17. निम्नलिखित में राज्य नीति निदेशक सिद्धान्तों के विषयों की पहचान कीजिए -
1. मद्य निषेध
2. फैक्टरियों एवं खानों में बाल श्रम निषेध
3. बेगार अथवा बलात श्रम निषेध
4. स्पृश्यता निषेध
निम्न कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए -
(a) 2, 3, 4
**(b) केवल 1**
(c) 1, 2
(d) 1, 2, 3

18. भारत के संविधान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजए -
1. मूल अधिकार
2. मूल कर्तव्य
3. राज्य की नीति के निदेशक तत्व
भारत सरकार द्वारा आरंभ किए गए राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम में भारत के संविधान के उपर्युक्त उपबंधों में से कौनसा/से पूरे होते है/हैं?
**(a) केवल 3**
(b) केवल 1
(c) 1, 2 और 3
(d) 1 और 3

19. कौन असंगत है -
(a) ग्राम पंचायत का गठन - अनुच्छेद 40
(b) कल्याणकारी राज्य की अवधारणा - प्रस्तावना
**(c) नीति निदेशक तत्व - वाद योग्य है**
(d) समान कार्य के लिए समान वेतन - नीति निदेशक तत्व

20. भरतीय संविधान में प्रतिष्ठापित राज्य की नीति के निदेशक तत्वों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार कीजिए -
1. भारतीय नागरिकों के लिए समान नागरिक (सिविल) संहिता सुरक्षित करना।
2. ग्राम पंचायतों को संघटित करना।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करना।
4. सभी कर्मकारों के लिए यथोचित अवकाश तथा सांस्कृतिक अवसर सुरक्षित करना।
कूट -
(a) 1, 2, 3 और 4
(b) 1, 2 और 4
**(c) 2 और 3**
(d) 1, 3 और 4

21. ''राज्य के नीति-निदेशक तत्व एक चेक है, जिसकी अदायगी बैकों के सुविधानुसार होगी।'' यह कथन किसका है?
(a) डॉ. के. एम. मुंशी
(b) कृष्णस्वामी आयंगर
(c) महात्मा गाँधी
**(d) के. टी. शाह**

22. नीति-निदेशक तत्व 'संविधान की आत्मा' है। उक्त कथन किसका है
(a) के. संथानम्
(b) के. बी. राव
(c) के. सी. ह्वेयर
**(d) ऑस्टिन**

23. राज्य के नीति-निदेशक तत्वों को मौलिक अधिकारों की तुलना में वरीयता दी जायेगी। इसे किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा स्पष्ट किया गया?
**(a) 42वें संविधान संशोधन द्वारा**
(b) 40वें संविधान संशोधन द्वारा
(c) 44वें संविधान संशोधन द्वारा
(d) 41वें संविधान संशोधन द्वारा

24. निम्नलिखित किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य के नीति निदेशक तत्वों और मौलिक अधिकारों के संबंध को मूल संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप किया?
**(a) मिनर्वा मिल का मामला**
(b) मेनका गाँधी मामला
(c) केशवानन्द भारती मामला
(d) सज्जन सिंह मामला

25. राज्य के नीति निदेशक तत्व संविधान के किस भाग में उल्लिखित है?
    (a) भाग - 6
    (b) भाग - 3
    **(c) भाग - 4**
    (d) भाग - 5
26. मौलिक अधिकार और राज्य के नीति निदेशक तत्वों में प्रमुख अंतर है -
    (a) मौलिक अधिकार व्यक्ति के लिए हैं, जबकि निदेशक तत्व राज्य के लिए हैं।
    (b) मौलिक अधिकारों का न्यायिक प्रवर्तन हो सकता है, जबकि राज्य के नीति-निदेशक तत्वों के संबंध में ऐसा संभव नहीं है।
    (c) मौलिक अधिकार नकारात्मक माने जाते हैं, जबकि राज्य के नीति निदेशक तत्व सकारात्मक।
    **(d) उपर्युक्त सभी**
27. मिनर्वा मिल मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के पश्चात् राज्य के नीति निदेशक तत्वों से संबंधित किस अनुच्छेद के क्रियान्वयन के लिये ही मौलिक अधिकारों को सीमित किया जा सकता है?
    (a) अनुच्छेद 40
    (b) अनुच्छेद 42 (a) (b)
    **(c) अनुच्छेद 39 (b) (c)**
    (d) अनुच्छेद 41 (a)
28. राज्य के नीति-निदेशक तत्व राज्य को, निम्नलिखित में से किन-किन के लिए निदेशित करते हैं?
    1. लोगों के कल्याण के संवर्धन के लिए सामाजिक व्यवस्था सुनिश्चित करना।
    2. कार्यपालिका से न्यायपालिका को अलग रखना।
    3. लोक स्वास्थ्य का संवर्धन करना।
    
    नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए -
    **(a) 1, 2 और 3**
    (b) 1 और 3
    (c) 2 और 3
    (d) 1 और 2
29. निम्नलिखित में से कौन-से राज्य की नीति के निदेशक तत्वों को संविधान में बाद में जोड़ा गया?
    (a) समान नागरिक संहिता
    (b) ग्राम पंचायतों का संगठन
    **(c) सहकारी अमितियों को प्रोत्साहन**
    (d) लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना
30. राज्य नीति के निदेशक सिद्धान्तों को भारतीय संविधान में शामिल किए जाने को उद्देश्य है -
    **(a) सामाजिक और आर्थिक प्रजातंत्र को स्थापित करना।**
    (b) राजनीतिक प्रजातंत्र को स्थापित करना।
    (c) सामाजिक प्रजातंत्र को स्थापित करना।
    (d) गांधीवादी प्रजातंत्र को स्थापित करना।
31. निम्नलिखित में से कौन संविधान के 42वें संशोधन द्वारा नीति निदेशक तत्वों में नहीं जोड़ा गया?
    (a) उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी।
    (b) शोषण से बच्चों एवं वयस्कों की सुरक्षा।
    (c) समान न्याय तथा नि:शुल्क कानूनी सलाह।
    **(d) समान आचार संहिता।**
32. निम्नलिखित में से कौन एक राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों का उद्देश्य नहीं है?
    (a) एक धर्मनिरपेक्ष राज्य की स्थापना करना।
    (b) एक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना।
    (c) सामाजिक, आर्थिक न्याय को सुनिश्चित करना।
    **(d) एक धार्मिक राज्य की स्थापना करना।**
33. राज्य की नीति के निदेशक तत्वों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
    1. ये तत्व देश के सामाजिक-आर्थिक लोकतंत्र की व्याख्या करते हैं।
    2. इन तत्वों में अंतर्विष्ट उपबंध किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है।
    
    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 2
    (b) केवल 1
    **(c) 1 और 2 दानों**
    (d) न तो 1 न ही 2
34. समान कार्य के लिए समान वेतन संविधान में सुनिश्चित किया एक है -
    (a) आर्थिक अधिकार
    (b) मौलिक कर्तव्य
    **(c) नीति निदेशक सिद्धान्तों का अंग**
    (d) मौलिक अधिकार
35. भारत के संविधान में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि का कहाँ उल्लेख है?
    **(a) राज्य की नीति के निदेशक तत्वों में**
    (b) मूल कर्तव्यों में
    (c) नौवीं अनुसूची में
    (d) संविधान की उद्देशिका में

36. 'निदेशक तत्व' क्या है?
   (a) लचीले
   (b) वाद् योग्य
   **(c) अ-वाद् योग्य**
   (d) कठोर

37. राज्य के नीति निदेशक तत्व राज्य को, निम्नलिखित में से किन-किन के लिए निदेशित करते हैं?
   1. लोक कल्याण के संवर्धन के लिए सामाजिक व्यवस्था सुनिश्चित करना।
   2. कार्यपालिका से न्यायपालिका को अलग रखना।
   3. लोक स्वास्थ्य का संवर्धन करना।
   कूट -
   **(a) 1, 2 और 3**
   (b) 1 और 2
   (c) 2 और 3
   (d) 1 और 2

38. इनमें से कौन राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्तों में सम्मिलित नहीं है?
   (a) काम का अधिकार
   (b) मद्य निषेध
   **(c) सूचना का अधिकार**
   (d) समान कार्य हेतु समान वेतन

39. निम्नलिखित में से कौनसा नीति-निदेशक तत्व है?
   (a) प्रेस की स्वतंत्रता
   **(b) समान नागरिक संहिता**
   (c) विधि के समक्ष समानता
   (d) धर्म की स्वतंत्रता

40. निम्नलिखित में राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्तों के विषयों की पहचान कीजिए -
   1. मद्य निषेध
   2. फैक्टरियों एवं खानों में बाल श्रम निषेध
   3. बेगार अथवा बलात् श्रम निषेध
   4. अस्पृश्यता निषेध
   निम्नलिखित कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-
   (a) 1, 2, 3
   **(b) 1**
   (c) 2, 3, 4
   (d) 1, 2

41. संविधान में राज्य के नीति निर्देशक तत्वों को शामिल करने के पीछे क्या उद्देश्य है?
   (a) गाँधीवादी आदर्शों के अनुरूप लोकतंत्र की स्थापना।
   (b) राजनीतिक लोकतंत्र की स्थापना।
   (c) सामाजिक लोकतंत्र की स्थापना।
   **(d) सामाजिक-आर्थिक लोकतंत्र की स्थापना**

42. नीति निर्देशक सिद्धान्त है -
   **(a) वाद योग्य नहीं**
   (b) वाद योग्य
   (c) मौलिक अधिकार
   (d) इनमें से कोई नहीं

43. नीति निर्देशक तत्वों को कार्यान्वित करने के लिए क्या मूल अधिकारों का हनन हो सकता है?
   (a) नहीं
   (b) हाँ
   **(c) कुछ का**
   (d) विवादग्रस्त है

44. भारतीय संविधान के निम्नोक्त भागों में से किस एक में न्यायपालिका तथा कार्यपालिका के पार्थक्य का प्रावधान है?
   (a) मूल अधिकार
   (b) सातवीं तालिका
   (c) प्रस्तावना
   **(d) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत**

45. मूलभूत संविधान में कौन से भाग में राज्य लोक कल्याण की संकल्पना सम्मिलित की गई है?
   **(a) राज्य के नीति निर्देशक तत्वों में**
   (b) संविधान की तीसरी अनुसूची में
   (c) संविधान की प्रस्तावना में
   (d) संविधान की चौथी अनुसूची में

46. निम्नांकित में से कौनसा राज्य नीति का नीति निर्देशक सिद्धांत नहीं है?
   **(a) निजी सम्पत्ति की समाप्ति**
   (b) गौवध निषेध
   (c) अंतर्राष्ट्रीय शांति को प्रोत्साहन
   (d) 14 वर्ष तक के बच्चों की नि:शुल्क अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना

47. निम्नलिखित में से कौनसा एक संविधान के 42वें संशोधन द्वारा नीति निदेशक तत्वों में नहीं जोड़ा गया?
   (a) उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी।
   (b) शोषण सं युवाओं तथा बच्चों की सुरक्षा।
   (c) समाना न्याय तथा नि:शुल्क कानूनी सलाह।
   **(d) सभी नागरिकों के लिए समान आचार संहिता।**

48. कथन (A) : गरीबों को विधिक सहायता प्रदान करना, राज्य का विधिक एवं संवैधानिक दायित्व है।
   कथन (R) : किसी व्यक्ति को उसकी गरीबी के कारण न्याय से वंचित नहीं किया जा सकता है।
   **(a) A तथा R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।**
   (b) A तथा R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
   (c) A असत्य है लेकिन R सत्य है।
   (d) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

49. भारत के किस राज्य में समान नागरिक संहिता लागू है?
   **(a) गोवा**
   (b) हरियाणा
   (c) केरल
   (d) मेघालय

50. इनमें से कौन राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों में सम्मिलित नहीं है?
   **(a) सूचना का अधिकार**
   (b) समान कार्य हेतु समान वेतन
   (c) मद्य निषेध
   (d) काम का अधिकार

51. राज्य नीति के निदेशक सिद्धान्तों के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से कौन सा अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के संवर्धन से संबंधित है?
   (a) 41
   (b) 43 (क)
   (c) 48 (क)
   **(d) 51**

52. राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों में वर्णित समान नागरिक संहिता गारंटी देता है -
   (a) समाज के गरीब वर्गों के समर्थन की
   (b) आर्थिक स्वतंत्रता की
   (c) राष्ट्रीय सुरक्षा की
   **(d) राष्ट्रीय अखण्डता की**

53. कल्याणकारी राज्य की संकल्पना का समावेश भारत में संविधान में है -
   (a) प्रस्तावना में
   **(b) राज्य की नीति-निदेशक तत्वों में**
   (c) चौथी अनुसूची में
   (d) मौलिक अधिकारों में

54. नीति निदेशक सिद्धांतों की प्रकृति है -
   **(a) कुछ कामों को करने के लिये सरकार को निर्देश।**
   (b) कुछ कानूनों के निर्माण के लिये सरकार को न्यायालयों के आदेश।
   (c) कुछ विशेष मुद्दों पर ध्यान देने के लिये सरकार से अनुरोध।
   (d) कुछ कामों को करने से रोकने के लिये सरकार को आदेश।

55. निदेशक सिद्धांतों का अनुपालन मुख्यत: निर्भर करता है -
   (a) संसद में प्रभावी विपक्ष पर
   (b) जन सहयोग पर
   (c) न्यायालयों पर
   **(d) सरकार को उपलब्ध संसाधनों पर**

56. समान न्याय और नि:शुल्क विधि सहायता संविधान के किस अनुच्छेद में कही गई है?
   **(a) 39वें (क)**
   (b) 38वें (क)
   (c) 39वें
   (d) 38वें

57. किसने संविधान सभा में कहा था कि राज्य के नीति निदेशक तत्वों का उद्देश्य एक आर्थिक प्रजातंत्र की स्थापना करना है।
   (a) पं. जवाहर लाल नेहरू
   (b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (c) डॉ. के. एम. मुंशी
   **(d) बी. आर. अम्बेडकर**

58. पर्यावरण की रक्षा को संविधान के किस संशोधन द्वारा जोड़ा गया है?
   **(a) 42वें**
   (b) 40वें
   (c) 44वें
   (d) 43वें

59. संविधान के 42वें संशोधन द्वारा राज्य के नीति निदेशक तत्वों में कौन-कौन से नए प्रावधान जोड़े गए?
   1. उद्योगों के प्रबंध में मजदूरों की भागीदारी।
   2. जनसंख्या नियंत्रण के लिए राज्य अनिवार्य कदम उठायेगा।
   3. गरीबों के लिए नि:शुल्क कानूनी सहायता।
   4. वन्य प्राणियों की सुरक्षा।
   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) 1, 2 और 4
   (b) 1 और 2
   **(c) 1, 3 और 4**
   (d) 3 और 4

60. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौनसा एक अनुच्छेद कुछ नीति निदेशक सिद्धान्तों को प्रभावी करने वाली विधियों की व्यावृत्ति से सम्बद्ध है?
   **(a) अनुच्छेद 31सी**
   (b) अनुच्छेद 31बी
   (c) अनुच्छेद 32
   (d) अनुच्छेद 31ए

61. निम्नलिखित में से कौन-सा/से राज्य के नीति के निदेशक तत्वों में शामिल है/हैं?
   1. मानव के दुर्व्यापार और बलात् श्रम का प्रतिरोध।
   2. मादक पेयों और स्वास्थ्य के लिए हानिकर औषधियों के, औषधीय प्रयोजनों से भिन्न, उपभोग का प्रतिषेध।
   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   **(a) केवल 2**
   (b) केवल 1
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2